दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। बुधवार 28 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 318 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## कोलकाता कांड : संजय रॉय और संदीप घोष के बाद अब अनूप दत्ता पर शिकंजा, सीबीआई कराएगी पॉलीग्राफ टेस्ट




**कोलकाता:** कोलकाता लेडी डॉक्टर रेप केस में सीबीआई ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के सहयोगी अनूप दत्ता का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराएगी। सीबीआई ने अभी तक रॉय और संदीप घोष समेत पांच अन्य के पॉलीग्राफ टेस्ट की स्वीकृति ली थी। अब सीबीआई ने अनूप दत्ता का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराने का फैसला किया है। सीबीआई ने 14 अगस्त को कोलकाता लेडी डॉक्टर रेप मर्डर केस की जांच अपने हाथ में ली थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अब कोलकाता पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) अनूप दत्ता पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अदालत से अनुमति मांगी है।

**सीबीआई कर चुकी है पूछताछ:** अनूप दत्ता ने भागते हुए सीबीआई के सामने कोलकाता में सरेंडर किया था। इसके बाद सीबीआई ने दत्ता से पूछताछ की थी। अनूप दत्ता पर आरोप है कि उसने रॉय को कई तरह के लाभ पहुंचाने में कथित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सीबीआई ने संजय रॉय से उसके कनेक्शन को लेकर पूछताछ की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या रॉय ने दत्ता को अपराध के बारे में बताया था और क्या उसे कोई मदद मिली थी। उन्होंने कहा कि अदालत इस मुद्दे पर दत्ता की सहमति लेने के बाद पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए आवेदन पर फैसला करेगी।

**संदीप घोष का पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा :** सीबीआई ने मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर शनिवार को पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा किया।




## वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर डीएम गंभीर और किया ये ऐलान

# अगर एक्सप्रेस-वे पर दौड़ाया दो पहिया वाहन तो कट जायेगा बीस हजार का चालान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की कार्यप्रणाली ऐसी है कि शासन की मंशा के अनुरूप काम हो और सरकार की हर योजना का लाभ नागरिकों को मिले। इसके अलावा वो नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर है।

ये जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का एक खास विजन है कि वो सड़क पर चलने वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और इस गंभीरता का अंदाजा तब हुआ जब उनकी अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले तो जिलाधिकारी ने इस बात को लेकर अपनी राय रखी कि हमें वाहन दुर्घटनाओं में कमी कैसे लानी है और यहां पर उन्होंने इस बैठक में ये बताया कि उनके द्वारा जनपद में दुर्घटना घटित स्थलों पर दुर्घटनाओं के कारणों का सघनता से परीक्षण किया गया और ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये।

यहां जिलाधिकारी ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इसलिए की जाती है कि किसी भी प्रकार से सड़क दुर्घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि हमें वो कदम उठाने होंगे कि जिससे रफ्तार पर लगाम लगे, जिससे दुर्घटना के कारणों को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे और इस्टर्न पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध है। यदि कोई दो पहिया वाहन इन एक्सप्रेस-वे में प्रवेश करते हैं तो उनका कम से कम बीस हजार रुपए का चालान किया जाये। क्योंकि यहां दो पहिया वाहनों पर प्रतिबंध है लेकिन कई बार ये वाहन आ जाते हैं और सड़क दुर्घटना का कारण बनते है। उन्होंने सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर एक्सप्रेस-वे पर कोई भी दो पहिया वाहन आयेगा तो उसका बीस हजार रुपए का चालान किया जायेगा।






### किसी भी अधिकारी की लापरवाही के कारण आया किसी के जीवन पर भय तो अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही

करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। सबसे पहले एनएचएआई द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई। उन्होंने बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्य पूरा न कराये जाने पर रोष प्रकट किया और एनएचएआई के मुख्य प्रबंधक को सूचना भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गंग नहर रावली रोड़ पर एनसीआरटीसी को निर्देश दिये कि वो कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में निविदा आमंत्रित करें और अनुबंधन गठन सम्बन्धी कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इसलिए की जाती है कि किसी भी प्रकार से सड़क दुर्घटना न होने पाये। यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही के कारण किसी के जीवन पर भय आया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों पर लगातार हादसे हो रहे हैं और जीवन सुरक्षा के कार्यों में लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

### डीएम ने चिन्हित किये थे ब्लैक स्पॉट और कार्य ना होने पर जताया रोष

करंट क्राइम। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा जनपद में दुर्घटना घटित स्थलों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कराये गये थे। जिनमें मणिपाल हास्पिटल, सुंदरदीप कॉलेज, कौशिक ढाबा, टोल उद्योग कुंज तथा वेस्ट एरिया हैं ये एनएचएआई के स्वामित्व में हैं। पिछली समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्य पूर्ण न कराये जाने पर नाराजगी जताई। बैठक में बताया गया कि पुराना बस स्टैण्ड ब्लैक स्पॉट पर जो सुधार कार्य कराये गये थे वह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जिनका निरीक्षण नगर निगम व लोक निर्माण विभाग द्वारा करते हुए कार्य पुन: पूरा कराया जाये।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

करंट क्राइम। बैठक में गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), पीयूष, ए०डी०सी०पी० (ट्रेफिक), रामराजा, अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि०, अमित राजन राय, ए०आर०टी०ओ० (प्रवर्तन), राहुल श्रीवास्तव, ए०आर०टी०ओ० (प्रशासन), एस०पी० मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, लवकेश कुमार, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गौरव मल्होत्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एन०सी०आर०टी०सी०, ओ०पी० यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीमा शिवहरे, ए०आर०एम०, उ०प्र० राज्य सड़क परिवहन निगम एवं अन्य अधिकारिगण उपस्थिति रहे।

# गाजियाबाद में बढ़ रहे हैं धर्मांतरण के मामले
## आधा दर्जन थानाक्षेत्रों में आए गंभीर प्रकरण सामने

### आरोपी गए जेल पर मची हुई है सनसनी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते 18 महीना के दौरान एक के बाद एक थानाक्षेत्र में धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं और इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी ट्रांसजेंडर और ग्रामीण तीनों ही ऐसे जो नहीं जहां पर धर्मांतरण के मामले कमिश्नरी सिस्टम बनने के बाद सामने आए हैं। इसमें प्रमुख रूप से कवि नगर और मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के साथ ही घंटाघर कोतवाली, क्रॉसिंग रिपब्लिक, इंदिरापुरम, कौशांबी और खोड़ा प्रमुख हैं। किसके साथ ही खुदा और इंदिरापुरम व कवि नगर के अंतर्गत आए बद्दो प्रकरण की इन्वेस्टिगेशन के लिए लखनऊ एटीएस के साथ ही कई खुफिया एजेंसियों ने भी पूरे मामले की पड़ताल की थी।

### सोसायटी में नमाज के नाम पर हंगामा, मामले ने पकड़ा तूल

**करंट क्राइम।** क्रॉसिंग पब्लिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सोसायटी में एक फ्लैट में नमाज पढ़ने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर पुलिस सोसायटी के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज और कई तरीके के साक्ष्य जुटाने का काम कर रही है। इसके साथ ही यह पूरा प्रकरण सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस को पहली सूचना वीडियो के माध्यम से ही मिली थी।

### खोड़ा के आरोपियों पर लगी थी रासुका





**करंट क्राइम।** साल 2023 में खोड़ा थानाक्षेत्र में युवती को प्रेम जाल में फंसाकर धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया था इस मामले में पुलिस ने लंबी तफ्तीश की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा राहिल, मुसीर और मौलवी सादमान को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई थी। हालांकि बाद में तीनों को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। वहीं, रासुका कार्रवाई की समीक्षा के लिए पुलिस ने तीनों की फाइल राज्य सलाहकार समिति के पास भेजी थी।

### कवि नगर के दोनों केस रहे हैं सनसनीखेज

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत पहले एक स्कूली छात्र को गेमिंग एप के जरिए धर्मांतरण करने का मामला सामने आया था इस मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था इसमें मुख्य आरोपी मुंबई का बद्दो शामिल था। वही मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र की एक मस्जिद के मौलवी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था इसके साथ ही बीते दिनों एक क्रिश्चियन स्कूल की टीचर के साथ भी धनवंतरण का मामला प्रकाश में आया था इस मामले में कवि नगर थाना पुलिस ने एक एचआर मैनेजर फैसल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# इंजीनियरिंग की पाठशाला में आरकेजीआईटी की बड़ी उपलब्धि
# उच्च गुणवत्ता की शिक्षा में नैक ने दिया प्रथम चक्र में ही ए-ग्रेड

### प्रथम चक्र में ए-ग्रेड प्राप्त करने वाला कॉलेज बना आरकेजीआईटी
### समस्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाला पहला संस्थान बना






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद एजूकेशन हब है और गाजियाबाद के खाते में शिक्षा की ये बड़ी उपलब्धि यहां के प्रतिष्ठित कॉलेजों से आई है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आरकेजीआईटी एक ऐसा नाम है जिसकी प्रतिष्ठा पूरे देश में है। यहां से शिक्षा प्राप्त इंजीनियर विदेशों में अपनी सेवाएं दे रहे है। देश के कोने कोने से यहां छात्र इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने आते है। आरकेजीआईटी की अपनी एक बड़ी पहचान क्वालिटी एजूकेशन के क्षेत्र में है। ये एक ऐसा संस्थान है जिसकी नींव ही उच्च सिद्धान्तों के मानक पर रखी गई है। लगातार सतत प्रगति के पथ पर चल रहा ये कॉल्जि एक बड़े संकल्प के साथ इस कॉलेज के चेयरमैन दिनेश गोयल ने शुरू किया था। उन्होंने अपने पिता स्व० राजकुमार गोयल भट्टे वालों के नाम पर शिक्षा के क्षेत्र में ये शुरूआत की थी और आज आरकेजीआईटी कॉलेज एक माईल्ड स्टोन बन चुका है। ये मैरीट का ही जलवा है कि आरकेजीआईटी कॉलेज में नेशनल असेसमेंट एक्रेडिटेशन कॉउन्सिल - नैक (एन ए ए सी) के द्वारा प्रथम चक्र के मूल्यांकन में ही ए ग्रेड दिया गया है। मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी के इंजीनियरिंग कॉलेज की उच्च गुणवत्ता की शिक्षा है जिसको ध्यान में रखते हुए ये ए ग्रेड दिया गया है। सबसे बड़ी बात ये है कि इंजीनियरिंग कॉलेज की श्रेणी में राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एक ऐसा संस्थान है जिसने प्रथम चक्र में ए ग्रेड प्राप्त किया है। ऐसा गौरव हासिल करने वाला आरकेजीआईटी गाजियाबाद का दूसरा इंजीनियरिंग कॉलेज है। सबसे बड़ी बात ये है कि गाजियाबाद के समस्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाला ये पहला संस्थान बना है। जबकि प्रथम चक्र में ए ग्रेड प्राप्त करने वाला आरकेजीआईटी गाजियाबाद का दूसरा इंजीनियरिंग कॉलेज है। नैक की वेबसाईड पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रथम चक्र में राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी को नैक द्वारा 3.10 अंक प्रदान किये गये है। ये एक बड़ी उपलब्धि है और ये तभी हासिल होती है जब उच्च गुणवत्ता की शिक्षा होती है। सुपर टीचिंग स्टॉफ होता है और शिक्षा का एक स्तर संस्थान मेंटेन करता है। क्वालिटी एजूकेशन का ही ये सुखद परिणाम है कि कॉलेज के खाते में ये गौरवमयी उपलब्धि आई है। ये एक बड़ी उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई है।

### पिता के विश्वास पर खरे उतरे वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल



करंट क्राइम। एक विश्वास एक परम्परा एक प्रतिष्ठा का नाम आरकेजीआईटी है। शिक्षा की इस डगर पर ये वर्षों का सफर है और पीढ़ियों के विश्वास को यहां वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कामय रखा। वो अपने पिता और कॉलेज के चेयरमैन दिनेश गोयल के विश्वास पर खरे उतरे है। एक सपना जो शिक्षा को लेकर उनके दादा स्व० राजकुमार गोयल ने देखा था उस सपने को पूरा किया है। अक्षत गोयल उच्च शिक्षित युवा है और एक नए विजन के साथ एक नई सोच के साथ काम करने वाले युवा है। गुणवत्ता उनकी कार्यशैली का हिस्सा है और नॉलिज इस पॉवर के सिद्धान्त के साथ काम करते है। उच्च डिसीजन मेकिंग क्षमता लिए हुए है और सबसे बड़ी बात ये है कि उच्च शिक्षा और आधुनिकता के साथ साथ पारिवारिक मूल्यों, परम्पराओं के गुण उनमें अपने दादा और पिता से आये हैं। कॉलेज के चेयर मैन और एमएलसी दिनेश गोयल ने अक्षत गोयल की योग्यता पर भरोसा करते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी और एक पिता के लिए इससे बड़ी गर्व की बात नहीं हो सकती कि उनके पुत्र ने भरोसे को कायम रखा है और अपनी योग्यता के दम पर पिता को यह विश्वास दिला दिया है कि वो गुणवत्ता के क्षेत्र में आरकेजीआईटी को ऊंचाईयों पर ले जाने में सक्षम है। अब जब आरकेजीआईटी को प्रथम चक्र के मूल्यांकन में ही ए ग्रेड मिला है तो ये एक बड़ी उपलब्धि है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस उपलब्धि को अक्षत गोयल ने टीम वर्क माना है और उन्होंने संस्थान के डीन एक्रेडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह के साथ साथ समक्ष शिक्षितों, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी है।

### समाजिक, राजनीतिक उपलब्धियों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में दिनेश गोयल की बड़ी भूमिका



करंट क्राइम। दिनेश गोयल समाजिक और धार्मिक सरोकारों से जुडकर चलते हैं वो शिक्षाविद् हैं लेकिन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रसेवा उनके व्यक्तित्व का एक अंग है। सबसे बड़ी बात ये है कि अपने व्यस्त जीवन में दिनेश गोयल शिक्षा की इस अलख को नहीं भूले हैं। शिक्षा का जो सफर उनके पिता के नाम पर शुरू हुआ उसे उन्होंने उच्च मानकों पर स्थापित किया है। दिनेश गोयल राजनीति के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है। वो उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य हैं वो एमएलसी हैं और इन सबके बीच ये बड़ी उपलब्धि इसलिए है कि दिनेश गोयल के नेतृत्व में दिनेश गोयल के विजन मे आरकेजीआईटी ने ये साबित कर दिया है कि वो क्वालिटी एजूकेशन के क्षेत्र में सबसे आगे चल रहा है। दिनेश गोयल के लिए ये गर्व का पल है। उनके कॉलेज में शिक्षा के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय मापदंडों को खुद को साबित किया है।

### छात्रों से लेकर अभिभावकों और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने क्वालिटी एजूकेशन में दिये आरकेजीआईटी को मैरिट अंक

करंट क्राइम। आरकेजीआईटी के हिस्से में ये उपलब्धि ऐसे ही नहीं आई है। इसके पीछे एक सतत प्रक्रिया है। आरकेजीआईटी के डॉयरेक्टर डॉ बी शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि संस्थान ने सितंबर 2022 में नैक एक्रेडिटेशन के लिए अप्लाई किया था। दो चरणों के मूल्यांकन में प्रथम चरण में नैक के द्वारा डाटा वैलिडेशन और सत्यापन किया गया। इसके उपरांत 14 एवं 15 मई 2024 को नैक के चार सदस्य दल ने संस्थान की समस्त सुविधाओ, दस्तावेजों और अध्ययन – अध्यापन की जांच की। इसके साथ ही नैक की टीम ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों एवं उद्योगों के प्रतिनिधियों से मिलकर संस्थान में प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में सघन जांच की। नैक के द्वारा डाटा वैलिडेशन एवं सत्यापन तथा टीम की रिपोर्ट के आधार पर संस्थान को 3.10 के स्कोर के साथ प्रथम चक्र में ए ग्रेड प्रदान किया गया है। संस्थान ने पूरे गाजियाबाद के समस्त इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रथम चक्र में सर्वश्रेष्ठ अंकों के साथ ए ग्रेड हासिल किया है।

### एक्रेडिटेशन से प्लेसमेंट में होगी गुणात्मक वृद्धि और स्टडी लेविल में होगा सुधार

करंट क्राइम। ये जलवा निश्चित रूप से कॉलेज चेयरमैन दिनेश गोयल और वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल का माना जायेगा। ये उपलब्धि तभी आई जब कॉलेज में अच्छी फैकल्टी, शिक्षा के अच्छे मापदंड उपलब्ध कराये गये। संस्थान के डीन एक्रेडिटेशन रामेन्द्र सिंह ने कहा कि इस एक्रेडिटेशन से छात्रों के प्लेसमेंट में गुणात्मक वृद्धि होगी और अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया में सुधार होगा। इस अवसर पर संस्थान के ग्रुप एडवाइजर प्रो लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर.के. यादव, डीन ईआईआई डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव एवं सभी विभागों के प्रमुख तथा अध्यापकगण उपस्थित रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# डीएम की बैंकिंग समीक्षा बैठक में हुआ खुलासा

## पीएनबी, एसबीआई, केनरा बैंक, इंडियन बैंक नहीं ले रहे हैं जनकल्याणकारी योजनाओं में कोई रुचि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं कई बार बैंको की उदासीनता से भी विफल होती है। जनकल्याणकारी योजनाओं में बैंको का एक अहम रोल होता है और अगर बैंक इन योजनाओं में इंटरेस्ट नहीं लेते है तो फिर योजनाएं विफल हो सकती है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जब जिला स्तरीय बैंकिग समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षा समिति की बैठक की तो इसमें खुलासा हुआ कि बैंक सरकारी योजनाओं में रूचि नहीं ले रहे हैं। कुछ बैंकों के द्वारा कार्यों के प्रति उदासनीता और लापरवाही बरतने से सीडी रेश्यो कम हो रहा है। कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकिग समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षा समिति की बैठकें सम्पन्न हुईं। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि जून तिमाही में जिले के जिन बैंकों के साख जमा अनुपात निर्धारित मानक से कम पाये गये, इस पर डीएम ने सभी बैंकों के जिला समन्वयक बैंको को साख जमा अनुपात बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बडौदा, इंडियन बैंक सहित अन्य बैंकों द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति उदासनीता बरते जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ बैंके के मैनेजरों द्वारा सरकारी योजनाओं और अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण जनपद का सीडी रेश्यो कम हो रहा है जो कि असहनीय है। यदि इन बैंकों के द्वारा जल्द ही अपने कार्यों में सुधार नहीं किया गया तो इनके खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए प्रशासन बाध्य होगा।



### मुख्य विकास अधिकारी सहित ये अधिकारी हुए बैठक में शामिल

**करंट क्राइम।** इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अग्रणी जिला प्रबंधक बुद्ध राम, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, एलडीओ आरबीआई जेएस कालरा, नाबार्ड की डीडीएम कुमारी अलका, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उघान अधिकारी निधि सिंह एवं सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं जिला समन्वयक सहित सभी संबंधित पदाधिकारी आदि शामिल हुए।

### 40% से कम साख जमा अनुपात मिलने वाले बैंकों को लेकर की नाराजगी व्यक्त

**करंट क्राइम।** अग्रणी जिला प्रबंधक बुद्ध राम के द्वारा बैंक की जून तिमाही 2024 तक की उपलब्धि पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें सभी बैंको के द्वारा जून 2024 महीने तक प्राप्त की गई उपलब्धियों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि जून तिमाही में जिले के जिन बैकों के साखजमा अनुपात निर्धारित मानक से कम पाई गई, इस पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को जिले में साख-जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है और बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए, साथ में पिछली तिमाही के तुलना में जिले की वार्षिक साख योजना में उपलब्धि असंतोष जनक रही है एवं जिन बैंकों द्वारा साख-जमा अनुपात 40% से कम हासिल हुई है, उनके ऊपर जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया कि जिले में अपने प्रदर्शन में और सुधार करते हुए वार्षिक साख योजना लक्ष्य के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने बैंकरों को साख-जमा अनुपात एव वार्षिक ऋण योजना में और तेजी लाने का भी निर्देश दिया, साथ ही सभी बैंकों को आगामी तिमाही मे ऋण योजना में लक्ष्य के अनुरुप प्रगति करने एवं ऋण जमा अनुपात को न्यूनतम 65% तक लाने की कार्यनीति बनाने का निर्देश दिया।

# पीजी की आड़ में चल रहा था गन्दा काम, एसीपी ने टीम के साथ मारा छापा और काम कर दिया तमाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में एक पीजी की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने यहां से संचालिका गीता और चार महिलाओं और चार पुरुषों को गिरफ्तार किया है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने जानकारी दी है कि उनको सूचना मिली थी कि पीजी में अनैतिक कार्य चल रहा है। जिसके बाद वहां छापा मारकर संचालिका गीता को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चार आरोपियों को भी पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं कि पहले अश्लील वीडियो बनाई गई, फिर उनको ब्लैकमेल करते हुए उनसे गंदा काम करवाया जा रहा था।

## संचालिका सहित पांच महिलाएं और चार पुरुष गिरफ्तार







### नौकरी की तलाश में आई महिलाओं को बनाया शिकार

**करंट क्राइम।** एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया है कि गीता ने चार महिलाओं को नौकरी के नाम पर बुलाया था। इस दौरान उनकी अश्लील वीडियो बना ली और फिर उनसे अनैतिक कार्य करवाने लगी। इसकी शिकायत जब आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को की गई, तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापा मारा है। इसके साथ ही काफी नंबर व फोन बरामद किए हैं।

### पीजी के रूम में ही मिलता था गंदे काम का सामान

**करंट क्राइम।** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस पीजी की आड़ में गन्दा का चलता था, वहीं के रूम में आने वाले बाहरी लोगों को आपत्तिजनक सामान उपलब्ध करवाया जाता था। इसके साथ ही पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है।

### व्हाट्सएप पर बुलाए जाते थे कस्टमर

**करंट क्राइम।** पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पीजी की आड़ में अनैतिक कार्य हो रहा था। उसकी संचालिका कस्टमर को बुलाने के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल करती थी। कस्टमर को व्हाट्सएप के जरिए फोटो और वीडियो दिखाकर बुलाया जाता था।

# अखिलेश यादव की सरकार में स्वीकृत हुआ था कन्याओं की उच्च शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज

## योगी सरकार में बन गया कॉलेज लेकिन कब चलेगा नहीं है किसी को नॉलेज





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपलब्धियों को लेकर अक्सर सपा और भाजपा आमने सामने आते रहे हैं। जब 2017 में भाजपा सरकार आई थी और उन्होंने ऐलीवेटिड रोड के उद्घाटन की बात कही थी तो समाजवादियों ने इसे अखिलेश सरकार की उपलब्धि बताते हुए खुद फीता काट दिया था और इस पर साईकिल चलाई थी। भाजपा सरकार ने उन पर एफआईआर दर्ज करायी थी। लेकिन इस बार मामला एक ऐसे कॉलेज का है जो अखिलेश सरकार ने स्वीकृत किया था और ये पूरा योगी सरकार में हुआ है। डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हो गया और सरकार की नॉलेज में ही यही बात नहीं है कि तीन साल से डिग्री कॉलेज बन गया और इसका लोकार्पण भी होना है। आमतौर पर लाभार्थी सोच रहे भाजपा नेता इस डिग्री कॉलेज को नहीं खोज सके है और समाजवादियों ने ये डिग्री कॉलेज ढूंढ लिया है उन्होंने डिग्री कॉलेजों के सबसे बड़े कुलाधिपति उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखा है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने ये पत्र लिखा है और उन्होंने उच्च शिक्षा सचिव से लेकर मुख्य सचिव का अवगत कराया है कि गाजियाबाद की नगर पंचायत क्षेत्र डासना में गर्ल्स डिग्री कॉलेज बना है। उन्होंने इसे एक गंभीर प्रकरण बताते हुए राज्यपाल को पत्र लिखा। उन्हें अवगत कराया कि डासना के वार्ड नंबर 7 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास क्षेत्र की कन्याओं की उच्च शिक्षा के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा ये कॉलेज स्वीकृत किया गया था। इस इमारत का निर्माण तीन वर्ष पूर्व हो चुका है। जिसका विधिवत रूप से क्षेत्रीय जनता की जनहित में लोकार्पण किया जाना अति आवश्यक है। क्षेत्र की कन्याओं की उच्च शिक्षा हेतु डिग्री कॉलेज की वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की गई है।

### तो क्या डीएम देंगे ध्यान और सीएम आयेंगे लोकार्पण करने

**करंट क्राइम।** डासना में लड़कियों के लिए डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हो गया। कॉलेज को बने हुए तीन साल भी हो गये और ये कॉलेज अपने लोकार्पण का इंतहार कर रहा है। सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने राज्यपाल को पत्र लिखा उन्होंने जिलाधिकारी गाजियाबाद को भी पत्र लिखा। सवाल यही है कि क्या फूल वालों की सरकार में शासन और प्रशासन इस कॉलेज को भूल गया। या फिर कोई तकनीकी पेंच इसके लोकार्पण में फंसा है। अगर पेंच है तो उसे भी देखना प्रशासन का काम है और अगर सबकुछ सही है तो फिर इस उपलब्धि का क्षेत्र निश्चित रूप से सरकार लेगी। क्योंकि योगी सरकार में ये कॉलेज बना है और उन्हीं की सरकार में अगर क्षेत्र की छात्राओं के लिए शिक्षा का ये तोहफा समर्पित होगा तो ये एक उपलब्धि होगी। अब देखना यही है कि क्या ये मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री यहां खुद इस कॉलेज को समर्पित करने के लिए आते हैं या फिर इस मामले में कोई ऐसा पेंच है जो अभी सुलझना बाकी है।




**एंकर : सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू। आपके चुनाव को लेकर नहीं मिला मजबूत जवाब। लाख रुपये का सवाल हार गए हैं आप।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 'लाख रुपये का सवाल' दैनिक करंट क्राइम की कल्पना पर आधारित है। इस कॉलम का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं।

## संपादकीय

### सेल्फी का शौक है जानलेवा

तकनीक के विकास के साथ-साथ लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों-रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो बिहार के पटना से वहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं!

सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ-साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है।

किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। वैसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो।

# जन्माष्टमी पर भारत में 25000 करोड़ रुपये का हुआ कारोबार

## सीएआईटी ने जताया अनुमान



**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून की अवधि में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह कृषि क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह अनुमान आरबीआई की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी किए गए अनुमानों के बराबर है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 7.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत है। एसबीआई रिसर्च की ताजा इकोरैप रिपोर्ट में बताया गया है कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में आ रही बाधा के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर मानसून सामान्य से अच्छा होने के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4.5 से 5 प्रतिशत रह सकती है, जो कि आरबीआई के अनुमान से 0.3 प्रतिशत ज्यादा है। जून में कमजोर शुरूआत के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून में जुलाई की शुरूआत से तेजी देखने को मिली और यह सामान्य से अच्छा बना हुआ है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक आर्थिक आउटलुक अभी भी अनिश्चित बना हुआ है और हालांकि महंगाई के कम होने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौद्रिक नीतियों में सख्ती कम होगी।

# बीएम रेजीडेंसी आरडब्ल्यूए टीम घोषित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर एक्सटेंशन की बाल मुकुंद रेजीडेंसी आरडब्ल्यूए टीम निर्वाचित घोषित की गई है। ये पहला मौका है जब यहां अध्यक्ष पद पर डॉ शबनम खान एडवोकेट को चुना गया है। डॉ शबनम खान एडवोकेट गाज़ियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव में हाल ही में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट निर्वाचित घोषित हुई हैं। अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन चुनाव में डॉ शबनम खान एडवोकेट अध्यक्ष है और उनकी टीम में प्रकाश रंजन सचिव चुने गए हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र मौर्य, सह सचिव पद पर देव गौतम चुने गए हैं। ललितेश गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा टीम में उपेन्द्र बहादुर, विजय प्रकाश मिश्रा, मीना देवी, नमिता त्यागी को भी लिया गया है।

# आम जन-सामान्य से सुझाव आमंत्रित किये गये



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासन के पत्र संख्या आई/693388/2024/8-3099/283/2024 दिनांक 16 जुलाई, 2024 के क्रम में रेड एवं ब्लू मेट्रो लाइन के साथ चिन्हित किये गये 'ट्रांजिट ओरिएण्टेड डेवलपमेन्ट' (टी0ओ0डी0) जोन के रूप में गाजियाबाद, मोदीनगर एवं लोनी महायोजना-2031 (प्रारूप) के पार्ट मानचित्र पर चिन्हांकित करते हुए प्राधिकरण की 165वीं बोर्ड बैठक दिनांक 05.08.2024 के निर्णयानुसाार दिनांक 08.08.2024 से 22.08.2024 तक आम जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। नियत अवधि में जनसामान्य से कुल 07 आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुए। प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर दिनांक 27.08.2024 को शासन द्वारा उपाध्यक्ष, गा0वि0प्रा0, गाजियाबाद की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सुनवाई की गई। उक्त सुनवाई में प्राधिकरण अधिकारियों के अतिरिक्त चीफ को-आर्डिनेटर प्लानर एन.सी.आर. सेल गाजियाबाद, मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मोदीनगर एवं लोनी, अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) तथा अपर आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ उपस्थित हुए। उक्त के अतिरिक्त आपत्तिकर्ता/सुझावकर्ता भी उपस्थित हुए। प्राप्त आपत्तियां मुख्यतः जोनल रोड की चौड़ाई, सीवरेज सिस्टम, जलापूर्ति, पार्किंग आदि सुविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त हुई हैं, जिन पर जोनल प्लान तैयार करते समय कार्यवाही की जानी है। वर्तमान में केवल रेड एवं ब्लू मेट्रो लाइन के साथ चिन्हित किये गये टी.ओ.डी. जोन हेतु आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।




### क्या पुलिस परीक्षा के बाद बदलेंगे कई फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस परीक्षा संपन्न होने के बाद फिर एक बार फेस बदलने का और प्लेस बदलने का मामला शुरू हो सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि अभी वर्तमान में जो एसीपी वाली लिस्ट और थाना प्रभारी को चांस देने वाला मामला चल रहा था, वह अगस्त एंड तक के लिए होल्ड हो गया बताया जा रहा है। वहीं 31 अगस्त को पुलिस परीक्षा का आखिरी दिन भी है, संभावना है कि उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कुछ बदलाव वाला सीन देखने को मिल सकता है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में एक और देहात में दो एसीपी के फेस बदलेंगे।




देहात से एक एसीपी सिटी भेजे जा सकते हैं, तो वहीं देहात में एक आईपीएस अंडर ट्रेनी की पोस्टिंग की चर्चा जोरों पर चल रही है। पुलिस कमिनरेट वाले ही बता रहे हैं कि जो सर्किल प्रमोशन के बाद खाली हुआ है, वहां आईपीएस को स्थान दिया जाएगा और आईपीएल किंग के नाम से मशहूर वाले इलाके के एसीपी को सिटी में भेजा जा सकता है। इसके साथ दो एसीपी स्तर के अन्य अधिकारियों की भी चर्चा है। जिनके कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जा सकता है। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस परीक्षा संपन्न होने के बाद किस जोन और किस सर्किल में अधिक बदलाव देखने को मिलेंगे। किसके व कौन से फेस और प्लेस बदले जाएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 2015 वाले बैच के जो शेष नाम हैं, उनके भी रवानगी के आदेश 31 अगस्त के बाद आ सकते हैं और फिर उनको नवरात्रि से पहले यहां से रवाना किया जा सकता है। वहीं सुनने में आ रहा है कि इसी के साथ जो चौकी और थानों का जिम्मा संभालने वाले 2015 बैच के फेस शेष हैं। उनको अभी कुछ दिन और गिफ्ट के रूप में राहत मिल सकती है। देखना होगा 31 अगस्त के बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में क्या-क्या नया और बदलाव वाला सीन सामने आता है।

## राशिफल

मेष : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

वृष : यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

मिथुन : चोट व दुर्घटना आदि से हानि के योग हैं। अत : किसी भी काम को करते समय लापरवाही न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कर्क : डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

सिंह : नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। दूर से काम मिल सकता है। आर्थिक नीति में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी।

कन्या : तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। रुके कामों में गति आएगी।

तुला : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें। बोलचाल में हल्केपन को न वापरें।

वृश्चिक : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता रहेगी। शत्रु परस्त होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

धनु : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : पठन-पाठन व लेखन इत्यादि काम सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

कुंभ : दूर से कोई बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है। दौड़धूप अधिक रहेगी।

मीन : नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

## चुटकुले

बेटा - पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी - वो कैसे बेटा?
बेटा - क्योंकि मैं फेल हो गया हूं।
आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेंगी।

रिक्शा वाले की लड़की सिल्वर मेडल लाई...
रिक्शा वाले का बेटा आईएएस बना...
रिक्शा वाले की बेटी के 99 प्रतिशत आए...
खबरें पढ़ पढ़ के बच्चे जिद कर रहें हैं,
पापा आप भी रिक्शा लेलो!!

पत्नी - लाइसेंस नहीं दिखाने की वजह से चालान कट गया।
पति - लेकिन तुम्हारे पास तो हमेशा लाइसेंस रहता है।
पत्नी - उसमें अच्छी फोटो नहीं थी, इसलिए ट्रैफिक पुलिस को दिखाया ही नहीं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने साल 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है।
- जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।


दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी


## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


करंट क्राइम कनिष्क


करंट क्राइम राधारानी


करंट क्राइम राजू पंचाल पोता


करंट क्राइम आराध्या पंडित


करंट क्राइम आरू


करंट क्राइम आरुषि गौतम


करंट क्राइम आव्या शर्मा


करंट क्राइम आयुषी तिवारी





करंट क्राइम भूमि अन्वी


करंट क्राइम ध्रुव पंडित


करंट क्राइम कृष चौधरी


करंट क्राइम अनिका अग्रवाल


करंट क्राइम अविका भारतीय और युविका भारतीय








करंट क्राइम डुग्गू चौहान


करंट क्राइम अन्वी


करंट क्राइम अपेक्सा शर्मा


करंट क्राइम अव्यांश शर्मा


करंट क्राइम इति राघव







## शालीमार गार्डन व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दही हांडी प्रतियोगिता का किया आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहीद स्थल शालीमार गार्डन मे जन्मोत्सव पर द्वितीय बार आयोजित महोत्सव मे मुख्य अतिथि आदरणीय महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का स्वागत व्यापार मंडल अध्यक्ष केशव सक्सेना और व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारीयों द्वारा किया गया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा जी ने बच्चों के रूप मे बने राधा कृष्ण की आराधना की ।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की धर्मपत्नी रितु शर्मा वार्ड 78 पार्षद श्रीमती ओमवती देवी पार्षद राहुल शर्मा उपस्थित रहे । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही राधा कृष्ण के भजनों पर नृत्य किया। छोटे बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर भगवान जी के



स्वरूप की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई कान्हा जी का गाय बछिया चराते हुए चित्रण बर्फ की गुफा आकर्षण का केंद्र रही और मटकी दही हांडी फोड़ने का कार्यक्रम भी किया गया जो की इनामी प्रतियोगिता थी जिसमे राशी सक्सेना ने 3100 रुपऐ का इनाम जीता । शालीमार गार्डन व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बाल कलाकार बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए । मंच का कुशल संचालन सुमन सती द्वारा किया गया ।

इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष केशव सक्सेना महामंत्री गोपाल मित्तल प्रतीक माथुर मोहित पाल मनोज मिश्रा सोनू शर्मा राजू अग्रवाल नीरज गुप्ता अजय गुप्ता पीयूष गर्ग भूपेंद्र गोस्वामी कुलदीप रावत सुभाष नागी विपिन चौहान पंकज त्यागी शैलेंद्र सक्सेना शरद सक्सेना सौरभ सक्सेना रमेश कौशिक कैलाश दीक्षित सुनील चौधरी प्रदीप देवली शिव शर्मा डी एन कॉल भूषण लाल प्रेम त्यागी राजेंद्र सिंह सुनील शर्मा लाल सुमन सती निशा चौहान मुनेश कसाना अंजु घनशाला अनीता राणा पायल शर्मा ममता झा सीमा सिंह प्रियंका सोलंकी और सभी क्षेत्र वासियों ने बहुत आनंद लिया।

## श्री जगदम्बा मंदिर के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया

### महापौर सुनीता दयाल ने बतौर मुख्य अतिथि उत्सव में शिरकत की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन सोमवार को श्री जगदम्बा मंदिर के प्रांगण में समिति और सभी के सहयोग से पूरा हुआ। बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री जगदम्बा मन्दिर के शिव चौक पर इस बार क्षेत्र की जनता का अटूट प्यार मिला। शिव चौक पर हजारों की संख्या में लोगों ने नृत्य प्रतियोगिता और झांकियों का आनंद लिया। शालीमार गार्डन के सभी सम्मानित सदस्यों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में आई हमारी मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल और सभी अतिथि को तहेदिल से धन्यवाद। शालीमार गार्डन एसएचओ नरेंद्र कुमार और पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्था बनवाने में पूरा सहयोग किया उनका भी समिति तहेदिल से धन्यवाद करती है।



## दीया ग्रीनसिटी में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी उत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की दीयाग्रीन सिटी में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दीया ग्रीनसिटी निदेशक प्रशांत गर्ग अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलित कर उत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर गायकों ने बधाई गीत गाए एवं सभी बच्चे व बड़ों ने आनन्द लिया। लड्डू गोपाल का पंचामृत से अभिषेक किया गया व नये वस्त्रों से सजाया गया। पूजा-पाठ कर माखन-मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सारिका त्यागी, कोमल शर्मा, शालिनी ठाकुर, रिया त्यागी, नेहा शुक्ला, प्रभात त्यागी, डॉ. एस. पी. सिंह, गोपाल सिंह, पीयूष त्यागी, राजकुमार वर्मा, मयंक शुक्ला, अंकित गुप्ता, देव गोयल, अमित अग्रवाल, अरविन्द राणा, सुनीता, नकुल शर्मा, प्रीतू, ईशा, रमा, पायल अग्रवाल, मोनिका गुप्ता, विनीत गुप्ता, जुगल किशोर, मुन्ना राम, सार्थक सिंह, आशू वर्मा, कैलाश शर्मा, प्रभात, मोहित, एकता त्यागी, पूनम गुप्ता, विनीता, संध्या त्यागी, आकांक्षा त्यागी, वैष्णवी त्यागी, खुशहाल सिंह, जे. के. गंगवार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!




# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 'संभव जनसुनवाई' के अंतर्गत समस्याओं का किया निवारण

## सख्त हुए नगर आयुक्त, स्थलीय निरीक्षण हेतु विभागीय अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई के अंतर्गत शहर की समस्याओं को सुना, जिसमें 20 संदर्भ प्राप्त हुए। अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुए जिनमें कई समस्याएं अनऑथराइज्ड कॉलोनी की भी प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। संभव के दौरान निर्माण विभाग से छह संदर्भ, डूडा विभाग से एक संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से दो, उद्यान विभाग से दो संदर्भ, प्रकाश विभाग से एक संदर्भ, टैक्स विभाग से दो संदर्भ, अवैध अतिक्रमण संबंधित दो संदर्भ व अन्य विभाग से दो संदर्भ प्राप्त हुए। इस प्रकार 20 संदर्भ संभव के दौरान प्राप्त हुए, सबसे कम शिकायत प्रकाश विभाग की प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा जहां सभी समस्याओं के समाधान के लिए टीम को निर्देशित किया गया, वही नगर आयुक्त द्वारा मुख्य रूप से सभी विभागीय अधिकारियों को भी जन समस्याओं के समाधान में स्थलीय निरीक्षण करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। कार्यालय में बैठे-बैठे समाधान करने को लेकर नगर आयुक्त सख्त हुए जिसमें प्रकाश विभाग मुख्य रूप से जलकल विभाग को स्थलीय निरीक्षण करते हुए समस्याओं के समाधान करने के लिए कहा गया तथा स्थलीय निरीक्षण की फोटो भी कार्यवाही आख्या में चाही गई। इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए जिसमें निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया। संभव में अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




### कमांडर ने किया उनका चर्चा मगर सेल-प्रचेज वाले भूल गये खर्चा

वो भगवा कमांडर ऐसे ही नही कहे जाते हैं,उन्हे सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष की उपाधि ऐसे ही नही मिली है। वो तो उपचुनाव हैं तो बुराई करने वालों का भी भगवान भला करें वरना जानते वो भी हैं कि कमांडर इंसान भले हैं। किस्सा उनके कमिटमेंट को लेकर चला और कहने वाले ने कहा कि वो अपनी बात के पक्के हैं। सेल-प्रचेज वाले जल पुरूष को सहकारिता के अध्यक्ष से लेकर यहां तक पहुंचाने का पूरा क्रेडिट ही कमांडर के नाम हैं। बताने वाले ने बताया कि अगर कमांडर के आर्डर नही होते तो सेल-प्रचेज में किंग सिटी वाले ये विप्र नही होते। मैनेजमेंट टीम वालों ने बताया कि हुक्म कमांडर का था तो तामील होनी ही थी लेकिन बनने वाले में भी इतना लहजा होना चाहिए था कि आर्डर उनका हैं लेकिन कुछ डयूटी,कुछ फर्ज तो तुम्हारा भी बनता हैं। वो बता रहे हैं कि वोट को संभालने में शाकुंभरी तक के टूर हुये तब जाकर सेल-प्रचेज के बाधक दूर हुये। बनने के बाद एक बार तो पूछा था कि खर्चा क्या हुया लेकिन पर्चा भरने के बाद फिर उन्होने पलट कर भी नही पूछा। पूछने वाले ने पूछा कि ये पूरा मामला तुम्हे अब बताने का क्या सूझा। तो कहने वाले ने कहा कि हम तो अलर्ट कर रहे हैं और सियासत का रूल बता रहे हैं कि बंदा बनने के साथ ही किस तरह सब को ऐसे ही भूल जाता है।

### बेटा फ्लावर यूथ यहां अफसर हैं सरकार के मंत्री से ज्यादा मजबूत

फ्लावर वालों ने पूरी फायर उगली और लखनऊ तक बाबा से जाकर कर ली उनकी चुगली। लेकिन पूरा फ्लावर टोला आज तक उनका तबादला नही करा पाया। जिनका उबल रहा था खून और जो कह रहे थे कि आने दो चार जून उनकी भी चार जून आई फिर चार जुलाई आई फिर चार अगस्त आया और अब चार सितंबर भी आ जायेगा लेकिन सितम देखिये कि अफसर यहीं था और कहीं नही जायेगा। फूल वाले मडंल के यूथ ने कोतवाल को फोन मिलाया और आदतन कोतवाल ने फोन नही उठाया। देहात वाले यूथ और वो भी मडंल के प्रधान ने लैटर ही पुलिस के बड़े साहब को लिखा। मैटर लिखा कि कोतवाल ने सीयूजी नबरं नही उठाया और उठाया तो काट दिया। यूथ चाहता है कि साहब अपने कोतवाल से कहें कि वो फोन भी उठाये। अब यूथ को कौन समझाये कि फोन तो यहां पता नही कितने कोतवाल,कितने दरोगा और कितने साहब नही उठाते हैं। रही बात लैटर की तो लोनी वाली क्रांति से पूछ लेना कि उन्होने कितने लैटर लिखे और अब क्रांति जी इतनी शांति में क्यों हैं। यूथ वाले फ्लावर यहां तुम से ज्यादा लिये बैठे हैं ये पुलिस वाले फायर भी और पावर भी। यहां मंत्री ये ज्यादा मजबूत अफसर हैं।

### इस वाले पार्क में तो फेंक दिये थे उन्होने हाथी वाले के हवन कुंड

बाबा साहेब वाले पार्क में नीली आर्मी के चीफ आये और हिन्दुवीर ने वहां जाकर उड़ता तीर ले लिया। सपोर्टरों ने कूट दिया और अब एक पक्ष पीटने के बाद और एक पक्ष पिटने के बाद खुद को लुटा हुया भी बता रहे हैं और लुटने पिटने की रिपोर्ट भी दर्ज करा रहे हैं। जिक्र इस बात को लेकर चला कि डंडे मारना गलत था तो झंडे दिखाना ही कौन सा सही था। दिखाने थे तो सड़क पर दिखा लेते मगर किसी के आयोजन में घुस कर विघ्न डालोगे तो फिर एक्शन का रिएक्शन होगा ही। याद दिलाने वालों ने याद दिलाया कि ये अम्बेडकर पार्क हैं मेरे भाई यहां तो नीले महावत ने हवन कुंड रखे थे तो उसके हवन कुंड उठाकर फेंक दिये थे। अगले दिन बाबा साहेब को दूध चंदन से नहलाया गया था। बाल्मीकी पार्क और अम्बेडकर पार्क में यही फर्क हैं भाई इसलिये फिर से ऐसा कोई काम रिपीट नही करना मेरे भाई। उड़ता तीर लेना अच्छी बात नही होती मेरे भाई।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले नागर आजकल नहीं लगा रहे हैं एमएलसी साहब के टूर? हो गये बहुत सारे दिन हमें उनकी राहें देखते हुए? मगर नजर ही नहीं आ रहे हैं हुजुर? कहने वाले ने कहा हो सकता है मुलाकातों को लेकर हो ना जाये किसी को डाउट? इसलिए हद से ज्यादा स्मार्ट मिस्टर नागर ने खुद को कर लिया है सीन से आउट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जो चेहरा छोटी छोटी बातों पर उठा देता है तूफान? हम हैं इस बात पर हैरान कि पार्क में हुए एक विवाद पर क्यों कुछ बोलने से चूक गये भगवा चौहान? निगम के गलियारों में मजबूती से लिया जाता है इस चेहरे का नाम? आखिर क्या ऐसी बात हुई जो इन्होंने दे दिया इस बार एक बड़े मुद्दे पर अपने शब्दों को विराम? क्या अब उनके अंदर का क्रान्तिकारी खामोश हो गया है श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि वेस्टर्न वाले एरिया में मजबूत चल रहा है भगवा चित्तौड़ा जी का हथौड़ा? हम तो पहले बस चचाओं में ही सुनते थे उनके मजबूती के किस्से? मगर जब मजबूती से उनकी मौजूदगी उनके कार्यालय पर देखी? दूर हो गया हमारा वो भी संदेह, जो दिमाग में था थोड़ा थोड़ा? हमने देखा उन्होंने वेस्टर्न वाले एरिया में होर्डिंग लगाकर भी किया हुआ है मजबूत प्रचार? जिस अध्यक्ष पद को पाने के लिए वो दो योजना से प्रयासरत हैं? लग रहा है इस बार वो हो जायेंगे अश्वमेघ रथ पर सवार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो बनाने वाले की मर्जी है कि वो किसको दे संगठन में जिम्मेदारी? अल्पसंख्यक वाले दायित्व में थोड़ी कर लेनी चाहिए थी उनको रायशुमारी? भगवा शौक त कुरैशी हैं पार्टी के बेहद पुराने फेस? अगर मिल जाती इस चेहरे को जिम्मेदारी तो मजबूत जाता संदेश? मगर फिर गुटबाजी की सूली पर झूल गये शौकत भैया के अरमान? नए को मौका मिल गया पुराने का नहीं किया फिर करने वालों ने ध्यान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि रेखा पार का एक ओबीसी दावेदार अपनी दावेदारी से ज्यादा बड़े पंजाबी चेहरे को टिकट मिलने वाली संभावनओं को लेकर है कन्फर्म? वो दे रहा है अपनों में संदेश कि इन पंजाबी चेहरे का नाम चल रहा है इस वक्त नंबर वन? कहने वाले ने कहा ना जाने कहां से उमड़ आया है ओबीसी चेहरे में अचानक इतना प्यार? वो बताये जाते हैं ताकतवर वैश्य चेहरे के नजदीक? पता नहीं उनका ये वाला लगाव आखिर कर रहा है किस बात की तस्दीक?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अब हम आपको बता रहे हैं यहां पर रेखा पार वाले दूसरे ओबीसी दावेदार की बात? वो तो पहले वाले ओबीसी दावेदार से आगे हैं एक हाथ? सुबह वो पीते हैं कमांडर के साथ बैठकर चाय? शाम को नजर आते हैं वो पंजाबी दावेदार के साथ? दिन में होती है उनकी गोयल साहब से चुनाव पर चर्चा? हमें समझ नहीं आ रहा आखिर इन ओबीसी भैया का हकीकत में झुकाव है किसके साथ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिनको बनाया है अबकी पार लाईन पार की आवाज उठाने वाला गब्बर? उनके खेमे से निकल कर आया है एक संदेश? चिंटू जी में लीलू भैया ने नदिया पार के नागर और यादव जी को दी थी बड़ी जनसभा करने की सलाह? इस सलाह पर आया है यादव-नागर भाईयों के खेमे से पलटवार? कहने वाले कह रहे हैं जनसभा करने की इनको जरूरत नहीं है, इनका क्षेत्र ही है इनका जनाधार? यहां पर आकर वो करें जनसभा वाला शक्ति प्रदर्शन, जो रहते हैं उस पार? और अब टिकट के लिए दे रहे हैं यहां पर दर्शन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने आपको पहले ही बताया था दीदी की दावेदारी को लेकर उनके समर्थक हवा में बना रहे हैं माहौल? कुछ ऐसा ही है भैया के समर्थकों का भी हाल? वहां से कोई भी किसी भी तरह का संदेश नहीं है? यहां पर उनके समर्थक बेमतलब में दिखा रहे हैं अपनी चाल? कहने वाले ने कहा अगर भैया जी का होता यहां से चुनाव लड़ने का मन? तो रेखा पार में जगह जगह उनके समर्थकों ने मनाया होता उनके बर्थडे का जश्न?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था एक ऑफिस में, वहां पर भाजपा का एक कार्यकर्ता था मौजूद? वो लगातार कर रहा था विधायक अजीत पाल त्यागी की तारीफ? कह रहा था कि वो कार्यकताओं के साथ खरे रहते हैं उनकी करने के लिए सिफारिश? हमारे खास चेहरे का दिल्ली के एक बड़े स्थान पर था जरूरी काम? हमने देखा विधायक जी इस काम को कराने के लिए खुद हमारे जानने वालों के साथ दिल्ली गये? आप ही बताओ कौन भला कार्यकर्ता का रखता है इतना ध्यान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के बाद अब एक और अध्यक्ष ने कर दी है कमिश्नरेट के एक बड़े वाले पुलिस अधिकारी की तारीफ? इन अध्यक्ष ने संदेश दिया है कि हमने तो आज तक जो भी काम बताया है उसे नहीं किया है इन अधिकारी ने खाजिर? हमारा इनसे है बहुत अच्छा व्यवहार? ये जनपद में अपनी सेवाएं मजबूती से दे रहे हैं? इससे ज्यादा हम कुछ भी नहीं कह सकते यार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संकट मोचक मंदिर में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव। कविनगर के कलाधाम पार्क में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। संकटमोचक मंदिर में मुख्य पुजारी पंडित बनारसी लाल और अखिल शर्मा ने सभी भक्तों का स्वागत किया। इस पावन पर्व पर करंट क्राइम परिवार के मुख्य संरक्षक सुभाष गुप्ता, संपादक मनोज गुप्ता, अंकिता अग्रवाल,वृंदा अग्रवाल, ओम गुप्ता ने विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पंकज जैन भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## श्री साईं सर्वधर्म मंदिर परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्रताप विहार स्थित श्री साईं सर्वधर्म मंदिर परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झूला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बाल रूप लड्डू गोपाल जी का भव्य दरबार सजाया गया। मंदिर परिसर को गुब्बारों फूलों आदि से सजाया गया। मंदिर की भव्यता देखते ही बनती थी। इस अवसर पर 50 से अधिक बाल रूप कृष्ण सुदामा राधा मां यशोदा आदि के रूप में सज धज कर आए समस्त बच्चों को मंदिर का संचालन कर रही संस्था श्री साईं सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं फल मिष्ठान आदि से पुरस्कृत किया गया। सभी भक्तजन कृष्ण भजन की धुन पर देर रात तक घूमते रहे। इस अवसर पर श्री साई सर्वधर्म मंदिर की संस्थापिका इंदु बाल बग्गा अध्यक्ष एवं मुख्य ट्रस्टी संजय बग्गा, मुख्य सचिव एवं ट्रस्टी अमित बग्गा, सोनू, नीरू बग्गा, प्राची बग्गा, सिद्धार्थ बग्गा, सुरभि बग्गा, खुशी बग्गा, समर्पण आदि के साथ-साथ मंदिर के मुख्य आचार्य पियूष वैदिक आदि मौजूद थे। अंत में परंपरागत माखन मिश्री एवं फल तथा विशेष धनिया पंजीरी प्रसाद के साथ-साथ छप्पन भोग प्रसाद भी वितरित किया गया। अध्यक्ष संजय बग्गा ने सभी भक्तगणों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी ने किया पोक्सो एक्ट पर आधारित पुस्तिका का विमोचन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान अभियान संस्था और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी के संयुक्त तत्वाधान से चुप्पी तोड़ हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत पोक्सो एक्ट पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया गया। पुस्तिक का विमोचन जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, एडीएमएफआर सौरभ भाटी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। समाधान अभियान की संस्थापक अर्चना अग्निहोत्री , दीपा रानी इस समय उपस्थित रहे। यह पुस्तक दो अलग भागों में विभक्त है जिसमें एक पुस्तक बच्चों के लिए है




तथा दूसरी पुस्तक अध्यापकों के लिए। पुस्तक की भाषा अत्यधिक सरल है तथा बच्चों को बहुत ही सरल तरीके से खेल के माध्यम से कहानियों के माध्यम से स्वयं को शोषण से किस प्रकार से सुरक्षित रखा जा सकता है, के विषय में संपूर्ण जानकारी दी गई है। तथा अध्यापक पुस्तिका में अध्यापक बच्चों को समय-समय पर किस प्रकार से खेल के माध्यम से कक्षा में बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाने के लिए तथा पोक्सो एक्ट के विषय में जानकारी दे सकती है। इसके अलावा पुस्तक में अनेक प्रकार के रोमांचक कार्टूंस, चित्र, कहानी बनाई गई है जो बच्चों को अत्यधिक आकर्षित करती है। पुस्तक के अंतर्गत बच्चों को सुरक्षित घेरा बनाना तथा निजी अंगों के विषय में भी जानकारी दी गई है सभी के द्वारा पुस्तक की तथा समाधान अभियान और इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की ।

## कार सवार युवक से मारपीट, गाडी छीनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वेव सिटी थानाक्षेत्र निवासी एक युवक के साथ रोडरेज की घटना हुई। कार सवार युवक से मारपीट कर गाडी छीन ली गई। हालांकि हमलावर आधे घंटे बाद उसी जगह पर आकर गाडी छोड़ गए, लेकिन कार के डैश बोर्ड में रखी 40 हजार रुपये की नकदी हमलावरों ने निकाल ली। हालांकि मामले में पुलिस का कहना है कि कार और बाइक टकरा जाने के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया था। नकदी गायब होने के सवाल पर पुलिस इसे जांच का विषय बता रही है। लाल कुआं के पास इबोनी ग्रीन सोसायटी में सुमित चौधरी अपने परिवार के साथ रहते हैं। सुमित चौधरी नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को देर रात वह बम्हेटा पेट्रोल पंप के पास स्थित अंडरपास से गुजर रहे थे। रास्ते में उनकी कार एक बाइक से टकरा गई।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये रिश्तों की डोर हैं ,ये पावन एहसासो का छोर है। जन्मदिन की बधाई है । खुशियां लेकर जन्मदिन आया है। एक खुशनुमा अहसास छाया है। हैप्पी बर्थडे से पूरे परिवार को हैप्पी फील कराती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया
कनिष्क
काव्या व नैन्सी
काव्या
लड्डू गोपाल
लवन्या
माही चौहान
कुनाल राघव
नव्या शर्मा
मीशो
यश कश्यप
Happy Birthday कान्हा
करंट क्राइम
युग पंडित
राधा शुक्ला
वर्तिका
रुद्रा
रविका त्यागी
रुद्रा शर्मा
शर्मा संजीव
पूर्वी चौहान
नेन्सी
सोर्या राघव
रीशू शुक्ला
रीनू
तुशील राणा
उदित
सेहज सिंह
सेहज सिंह
हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!